क्वींसलैण्ड में सामान्यतया देखभाल की अग्रिम योजना के दस्तावेज़ों का उपयोग होता है

एडवांस हैल्थ डायरेक्टिव (Advance Health Directive)

यह एक वैध दस्तावेज़ होता है जिसमें भविष्य में ऐसे समय में आपकी देखभाल से संबंधित आपके निर्णयों और निर्देशों का वर्णन होता है जब हो सकता है कि आप कोई निर्णय लेने या बातचीत करने में सक्षम न हों। इस पर आपके डॉक्टर, कानूनी प्रतिनिधि और एक गवाह के हस्ताक्षर होना अनिवार्य है। फॉर्म्स आपको **justice.qld.gov.au** पर मिल जाएंगे।

एन्ड्यूरिंग पॉवर ऑफ एटोर्नी (Enduring Power of Attorney)

यह एक वैध दस्तावेज़ होता है जिसमें ऐसे समय में महत्वपूर्ण निर्णय लेने के लिए, आपकी पसंद के व्यक्ति या व्यक्तियों को नियुक्त किया जाता है जब आप स्वयँ यह काम नहीं कर सकते। इस पर एक कानूनी प्रतिनिधि के साथ-साथ आपकी पसंद के व्यक्ति/यों के हस्ताक्षर होना अनिवार्य है। फॉर्म्स आपको **justice.qld.gov.au** पर मिल जाएंगे या आप अपने वकील या पब्लिक ट्रस्टी से बात कर सकते हैं।

स्टेटमेंट ऑफ च्वाइसेज़ (Statement of Choices)

इस दस्तावेज़ में आपकी इच्छाओं, मूल्यों और मान्यताओं को प्रमुखता दी जाती है। इससे आपके नज़दीकी लोगों को, अगर ज़रुरत हो तो, आपके प्रतिनिधि के रुप में निर्णय लेने में सहायता मिल सकती है। इससे आपके तथा आपके प्रियजनों को तसल्ली रहती है। इसपर डॉक्टर द्वारा हस्ताक्षर किए जाने चाहिए। फॉर्म्स आपको my**care**my**choices**.com.au पर मिल जाएंगे, अपने जीपी से बात करें, या एडवांस केयर प्लानिंग कार्यालय से संपर्क करें।

एडवांस केयर प्लानिंग कार्यालय

एडवांस केयर प्लानिंग कार्यालय, क्वींसलैण्ड हैल्थ, क्वींसलैण्ड के सभी निवासियों को देखभाल की अग्रिम योजना बनाने की प्रक्रिया में सहायता करने वाली एक निःशुल्क और विश्वसनीय सेवा है जो निम्नलिखित भी करती है:

- देखभाल की अग्रिम योजना बनाने से संबंधित सूचना पुस्तिकाएं और फॉर्म्स उपलब्ध कराना
- आपको यह सलाह देना कि देखभाल की अग्रिम योजना बनाने के बारे में आप अपने स्थानीय क्षेत्र में किससे बात कर सकते हैं
- आपकी देखभाल की अग्रिम योजना के दस्तावेज़ों की प्रतियों को आपके क्वींसलैण्ड हैल्थ मेडिकल रिकॉर्ड में जोड़ना
- आपकी देखभाल की अग्रिम योजना के बारे में आपके सभी प्रश्नों के उत्तर देना।

एडवांस केयर प्लानिंग कार्यालय से संपर्क करें:

1300 007 227

1300 008 227

PO Box 2274, Runcorn Qld 4113

acp@health.qld.gov.au

my**care**my**choices**.com.au

क्वींसलैण्ड में देखभाल के लिए अग्रिम योजना बनाने के बारे में जानकारी तथा संसाधन प्रदान करने के लिए दिन में कार्य-समय के दौरान दुभाषिया सेवा उपलब्ध है:

13 14 50 पर फोन करें

Interpreter

- आप जो भाषा बोलते हैं वो बताएं
- **1300 007 227** पर एडवांस केयर प्लानिंग कार्यालय से जोड़ने के लिए कहें।

मेरी देखभाल, मेरी पसंद

अगर आपको अचानक से चोट लग जाए या आप अचानक बीमार पड़ जाएं, तो आपकी चिकित्सा करने वाले कर्मचारियों को कैसे पता चलेगा कि आपकी स्वास्थ्य देखभाल इच्छाएं क्या हैं?

भविष्य में अपनी देखभाल की योजना बनाने के लिए खुद को सशक्त बनाएं

my**care**my**choices**.com.au

OACP
Statewide Office of Advance Care Planning

Queensland Government

देखभाल की अग्रिम योजना क्या है?

देखभाल की अग्रिम योजना भविष्य में आपकी स्वास्थ्य देखभाल के बारे में आपकी प्राथमिकताओं के बारे में सोचने और उन्हें बताने की एक प्रक्रिया है। देखभाल की अग्रिम योजना की बातों को उन परिस्थितियों में काम में लिया जाता है जब आप अपनी बात खुद नहीं कह सकते।

देखभाल की अग्रिम योजना बनाना स्वैच्छिक होता है और इसमें शामिल हो सकता है:

- अपने मूल्यों, स्वास्थ्य देखभाल विकल्पों और जीवन की गुणवत्ता के बारे में अपनी पसंद के बारे में सोचना और इन बातों के बारे में किसी ऐसे व्यक्ति से विचार-विमर्श करना जिस पर आपको भरोसा है
- आपके प्रतिनिधि के रुप में निर्णय लेने के लिए, एक या अधिक, प्रतिनिधि निर्णायकों को नियुक्त करना, ताकि अगर आवश्यकता हो तो वे यह काम कर सकें
- अपनी स्वास्थ्य देखभाल प्राथमिकताओं को एक दस्तावेज़ में लिखना।

देखभाल की अग्रिम योजना बनाना, एक वसीयत बनाने की तरह ही, भविष्य की योजना बनाने का एक सामान्य काम है।

पहले से तैयारी क्यों की जाए?

अग्रिम तैयारी से सुनिश्चित हो सकता है कि:

- आपको मिलने वाली चिकित्सा और देखभाल आपकी इच्छाओं के अनुरुप हो
- यदि आपके प्रियजनों को आपके प्रतिनिधि के रुप में निर्णय लेना पड़े तो उन्हें यह मालूम हो कि आपकी इच्छा क्या है
- स्वास्थ्य देखभाल के निर्णय उस समय नहीं लेने पड़ें जब संकट-स्थिति उत्पन्न हो

क्या आप योजना बनाने के लिए तैयार हैं?

चरण 1 – विचार-विमर्श करें

इस बारे में बात करना कठिन हो सकता है कि अगर आप गंभीर रुप से बीमार हो जाएं तो उस समय आप क्या चाहेंगे, परंतु इससे, आपको, और आपके प्रियजनों को, यह तसल्ली मिल सकती है कि वे आपकी इच्छाओं के बारे में जानते हैं।

भविष्य में अपनी स्वास्थ्य देखभाल की प्राथमिकताओं पर सोच-विचार करने के बाद:

- अपनी स्वास्थ्य स्थितियों के बारे में और भविष्य में उनसे आपके ऊपर क्या प्रभाव पड़ेगा, उस बारे में अपने डॉक्टर से बात करें
- अपनी स्वास्थ्य देखभाल प्राथमिकताओं के बारे में अपने परिवार और नज़दीकी लोगों से बात करें
- अपने भरोसेमंद व्यक्ति/व्यक्तियों को, आपके प्रतिनिधि के रुप में निर्णय लेने के लिए, आपका प्रतिनिधि निर्णायक बनने के लिए पूछें ताकि अगर आवश्यकता हो तो वे यह काम कर सकें।

चरण 2 - दर्ज कराएं

निम्नलिखित में से एक या अधिक दस्तावेज़ों में लिखकर अपनी प्राथमिकताओं और निर्णयों को दर्ज कराएं

- एडवांस हैल्थ डायरेक्टिव
- एन्ड्यूरिंग पॉवर ऑफ एटोर्नी
- स्टेटमेंट ऑफ च्वाइसेज़

निम्नलिखित वेबसाइट से इन दस्तावेज़ों को निःशुल्क डाउनलोड करें: **mycaremychoices**.com.au

चरण 3 - साझा करें

यह सुनिश्चित करें कि दस्तावेज़ में लिखी हुई आपकी स्वास्थ्य देखभाल इच्छाओं के बारे में आपकी परवाह करने वालों को मालूम हो।

अपनी पसंद को साझा करने के लिए:

- अपने भरोसेमंद लोगों [जैसे कि परिवार के सदस्यों, नज़दीकी मित्रों, आपके प्रतिनिधि निर्णायक/कों और आपके स्वास्थ्य देखभाल प्रदाताओं (जैसे की आपका जीपी)] को दस्तावेज़ो की प्रतियाँ दें

एवम्

- एडवांस केयर प्लानिंग कार्यालय में अपने दस्तावेज़ों की प्रतियाँ जमा करवाएं ताकि उनको आपके क्वींसलैण्ड हैल्थ मेडिकल रिकॉर्ड से जोड़ा जा सके (विकल्पों के लिए पृष्ठ के दूसरी तरफ देखें)
- अपने दस्तावेज़ों को **myhealthrecord.gov.au** पर आपके माय हैल्थ रिकार्ड (My Health Record) में अपलोड करें

चरण 4 - समीक्षा करें

अपनी देखभाल की अग्रिम योजना की समय-समय पर समीक्षा करना महत्वपूर्ण होता हैं, विशेषकर यदि आपके स्वास्थ्य की स्थिति बदल जाए या आप अपनी स्वास्थ्य देखभाल प्राथमिकताएं बदल दें तब।